संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक **घटती घटना**

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 282 शुक्रवार 15 अगस्त 2025,पृष्ठ - 8+8 मूल्य 4 रूपये

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए..**

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घटती-घटना परिवार की ओर से समस्त देशवासियों,प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों समेत घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचितंकों को अशेष बधाई एवं शुभकामनायें..

शुभकामनाओं सहित
संपादक

**सूचना**

दैनिक घटती-घटना के सुधिपाठकों, विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतको एवं सहयोगियों को सूचित किया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 को घटती-घटना कार्यालय में अवकाश रहेगा ।

अत: प्रकाशन का अगला अंक दिन-रविवार 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की देश नाम संदेश

## » स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को किया संबोधित...

**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025 (ए)।**15 अगस्त को पूरा देश 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का जश्न मनाएगा। इस बीच स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नाम संबोधन दिया है। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों,नमस्कार,स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस सभी भारतीय उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। ये दिवस हमें भारतीय होने के गौरव का विशेष स्मरण कराते हैं। 15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। औपनेविशक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने ये सपना देखा था कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले, पुरुष महिलाएं और बुढ़े जवानों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल थे। उनके संघर्ष निराशा नहीं



आपितु बलवती आशा का भाव था। आशा का वही भाव स्वतंत्रता के बाद हमारी प्रगति को उर्जा देता रहा है। कल जब हम अपने तिरंगे को सलामी दे रहे होंगे, तो वहां उन सबी स्वाधीनता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे जिनके बलिदान के बल पर 78 साल पहले 15 अगस्त के दिन भारत ने स्वाधीनता हासिल की थी।

### राष्ट्र के नाम संदेश पर क्या बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू


राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, अपनी स्वाधीनता को पुन= प्राप्त करने के बाद हम एक ऐसे लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ें जिसमें सभी व्यस्कों को मतदाना का अधिकार था। दूसरे शब्दों में कहें तो हम भारत के लोगों ने अपनी नियति को स्वरूप देने का अधिकार स्वयं को अर्पित किया। अनेक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में लिंग, धर्म तथा अन्य आधारों पर लोगों के मताधिकार पर पाबंदियां होती थीं। परंतु हमने ऐसा नहीं किया। चुनौतियों के बावजूद भारत के लोगों ने लोकतंत्र को सफलतापूर्वक अपनाया। लोकतंत्र को अपनाना हमारे प्राचीन लोकतामंत्रिक मूल्यों की सहज अभिव्यक्ति थी। भारत भूमि विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है। इसे लोकतंत्र की जननी कहना सर्वथा उचित है। हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधआरित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया जिनसे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली।

### द्रौपदी मुर्मू ने बताए भारतीय लोकतंत्र के चार स्तंभ कौन से हैं...

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हमारे लिए हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है। अतीत पर दृष्टिपात करते हुए हमें देश की विभाजन की पीड़ा को भी नहीं भूलना चाहिए। आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर किए गए। आज हम इतिहास की गलतियों के शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्यारे देशवासियों, हमारे संविधान में ऐस चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये हैं न्याय, स्वतंत्रता,समता और बंधुता। ये हमारी संभ्यात के ऐसे सिद्धांत हैं जुन्हें हमने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आज फिर आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में हुई अहम सुनवाई



**» आदेश पर रोक लगाने पर फैसला सुरक्षित**

**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025(ए)।** दिल्ली में आवारा कुत्तों के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों वाली विशेष पीठ जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया ने गुरुवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने अपने-अपने पक्ष रखे।

### महिला ने दो बेटों संग गोमती नदी में लगाई छलांग

**तीनों की मौत, सुसाइड नोट बरामद**

**बाराबंकी ,14 अगस्त 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने अपने दो मासूम बेटों के साथ गोमती



नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दिल दहलाने वाली घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे कोठी थाना क्षेत्र के औसानेश्वर पुल पर हुई। करीब 18 घंटे की तलाश के बाद गुरुवार सुबह एसडीआरएफ ने मां और दोनों बच्चों के शव नदी से बरामद किया।

### भारतीय वायुसेना के 4 अधिकारियों को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक

**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025(ए)।** 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले भारतीय वायु सेना के चार अधिकारियों को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित करने का फैसला लिया गया है।



ऑपरेशन सिंदूर में अहम योगदान के लिए उन्हें ये सम्मान मिला है। इनमें वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नरनादेश्वर तिवारी भी शामिल हैं। वेस्टर्न एयर कमांडर एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा और डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल अवधेश भारती को भी अहम सम्मान दिया गया है।

### गैंगस्टर रणदीप मालिक अमेरिका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025(ए)।** कुख्यात



गैंगस्टर लौंरेंस बिश्नोई का करीबी रणदीप मालिक अमेरिका में गिरफ्तार हुआ है। गैंगस्टर रणदीप मालिक को अमेरिका की संघीय कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने गिरफ्तार किया है।

# ऑपरेशन सिंदूर के इन जांबाजों को सम्मान,वीर चक्र, युद्ध सेवा मेडल और सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल से नवाजा गया



**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025(ए)।**
भारत आजादी के 79 वें साल में कदम रखने जा रहा है। इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर में अपना शौर्य दिखाने वाले भारतीय सुरक्षाबलों के जांबाजों को उनकी असाधारण वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। इनमें भारतीय वायुसेना के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 9 अधिकारियों को वीर चक्र से नवाजा गया है।

### वीर चक्र से सम्मानित 9 अधिकारी

ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी समूहों के मुख्यालयों को निशाना बनाने वाले लड़ाकू पायलटों सहित 9 अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है। इन बहादुर अधिकारियों ने पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इसके अलावा, उन्होंने पाकिस्तान की सैन्य संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। भारतीय वायु सेना ने इस कार्रवाई के दौरान कम से कम छह पाकिस्तानी विमानों को भी मार गिराया था।

**ये हैं पुरस्कृत 9 अधिकारी**

रंजीत सिंह सिद्धू
मनिष अरोड़ा,
अनिमेश पटनी
कुणाल कालरा
जॉय चंद्र
सार्थक कुमार
सिद्धांत सिंह
रिजवान मलिक
अर्शवीर सिंह ठाकुर



**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025(ए)।** 15 केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के जनजातीय समुदायों के 30 मेधावी उच्चतर माध्यमिक छात्रों के साथ बातचीत करते हुए।

# वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम सार्वजनिक करे चुनाव आयोग

**» बिहार में एसआईआर विवाद के बीच एससी का निर्देश**

**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025 (ए)।** बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर 22 लाख लोगों की मृत्यु हुई है, तो बूथ स्तर पर इसका खुलासा क्यों नहीं किया जाता? जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि लिस्ट से हटाए गए 65 लाख नामों में से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। अगर 22 लाख लोगों की मृत्यु हुई है, तो बूथ स्तर पर इसका खुलासा क्यों नहीं किया जाता? हम नहीं चाहते कि नागरिकों का अधिकार राजनीतिक दलों पर निर्भर हो।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह बिहार की मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए या हटाए गए लगभग 65 लाख लोगों की लिस्ट, उनके हटाए जाने



के कारण सहित, जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर सार्वजनिक करे।

शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को स्थानीय समाचार पत्रों, दूरदर्शन, रेडियो या किसी भी आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार करने का भी निर्देश दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि सभी पंचायत भवनों और प्रखंड विकास एवं पंचायत कार्यालयों में बूथवार 65 लाख लोगों की सूची भी प्रदर्शित की जाए ताकि लोगों की सूची तक पहुंच हो।

# कट गया है वोटर लिस्ट से नाम तो चुनाव आयोग के दिखाएं आधार

### सुप्रीम कोर्ट का राहत भरा फैसला




**नई दिल्ली,14 अगस्त 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों के बिहार की मतदाता सूची से नाम हटा दिए गए हैं, वे इसे चुनौती देने के लिए अपना आधार कार्ड जमा कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने आधार को स्वीकार करने से यह तर्क देते हुए इनकार कर दिया था कि यह पहचान का प्रमाण तो हो सकता है, लेकिन नागरिकता का वैध प्रमाण नहीं है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि दूसरे राज्यों में स्क्ष्क्रके लिए आधार एक योग्य दस्तावेज होगा या नहीं। फिलहाल, यह उन केवल उन लोगों के लिए है जिनके नाम बिहार में लिस्ट से हटा दिए गए हैं।

# न्यूटाउन और पार्क स्ट्रीट में ईडी की छापेमारी

**कोलकाता,14 अगस्त 2025 (ए)।** अब तो आमजन लगे हैं कि लगता है कि ईडी ने बंगाल में अपना स्थायी डेरा बना लिया है। एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने संदिग्ध संपत्तियों की तलाश में न्यूटाउन स्थित एक आलीशान आवास और कोलकाता के पार्क स्ट्रीट स्थित एक कार्यालय पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि यह संपत्ति एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार से अर्जित करोड़ों रुपये से खरीदी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय जांच एजेंसी लंबे समय से इस मामले से जुड़े वित्तीय



लेन-देन और संपत्ति खरीद की जांच कर रही है। आज सुबह ईडी अधिकारियों की एक टीम न्यूटाउन स्थित आवास पर पहुंची। यहां कुल 16 आलीशान विला हैं, जिनके एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार के पैसे से खरीदे जाने का संदेह है।



# जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**जम्मू-कश्मीर,14 अगस्त 2025(ए)।**सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई और जस्टिस के विनोद चंद्र की दो-न्यायाधीशों वाली बेंच ने सुनवाई के दौरान हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# किश्तवाड़ में बादल फटने से भारी तबाही



### 15 की मौत, बचाव कार्य जारी

**किश्तवाड़,14 अगस्त 2025(ए)।**
जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती इलाके में गुरुवार शाम बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 57 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने मचैल माता तीर्थयात्रा मार्ग को प्रभावित किया, जिससे कई तीर्थयात्री प्रभावित हुए। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं, जिसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और स्थानीय पुलिस शामिल हैं।

## संपादकीय

### सच बताने की रणनीति

पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को सबक सिखाया जा चुका है। भारत पाकिस्तान के संघर्ष की बातें हम भांति-भांति से सुन चुके हैं। लगता है सब अपने-अपने हिस्से का सच' बताने की रणनीति पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री,गृह मंत्री, रक्षा मंत्री संसद में बयान दे चुके हैं। रक्षा अधिकारी बता चुके हैं कि पाकिस्तान की बैंड भारत ने कैसे बजाई। लेकिन लगता है जैसे हमारे वायु सेना प्रमुख जरा देर से जागे हैं। उन्होंने ऐसी बात बताई है जो आज तक कोई नहीं बता पाया था। बाकी सब लोग पाकिस्तान और पीओके में आतंकी अड्डों के ध्वस्त होने और कई एयर फील्ड तबाह कर देने तक तो पहुंचे थे लेकिन एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने शनिवार को जो कहा वह सबसे अलग है।उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक बड़े विमान को मार गिराया था। गिराया गया सबसे बड़ा विमान तो 300 किमी. दूर से निशाना बनाया गया जो भारत द्वारा सतह से हवा में मार गिराने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।एलएम कात्रे स्मृति व्याख्यान में उन्होंने बताया कि बड़ा विमान एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम भी हो सकता है। सिंह ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र पर हमला करने का निर्णय लिया। सुकर एयरबेस की तबाही के चित्र दिखाते हुए उन्होंने तमाम बर्बादी की पुष्टि की।वायुसेना ने यूएबी हैंगर और रडार स्थल पर हमला किया। एडब्ल्यूसी हैंगर पर फिर से हमला किया गया। सरगोधा के बारे में वायुसेना चीफ ने कहा, संयोग से मुझे अपनी सेवानिवृत्ति से पहले यहां कुछ कर दिखाने का मौका मिल गया। भारत की एस-400 वायु रक्षा प्रणाली पासा पलटने वाली साबित हुई। एस-400 प्रणाली की वजह से पाकिस्तान भारतीय वायु रक्षा प्रणाली को भेद नहीं सका।उनके अनुसार सीडीएस का पद सैन्य अभियानों में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव लेकर आया है। एयर चीफ ने ऑपरेशन सिंदूर में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जिससे अन्य एजेंसियों और सुरक्षा बलों को एक साथ लाने में मदद मिली।लगता है कि वायुसेना चीफ अभी बताना नहीं चाह रहे हों कि गिराए गए लड़ाकू विमानों में कितने एफ 16 विमान थे। एफ 16 की क्षति अमेरिका के गर्व को चूर करती है। ट्रंप का भारत विरोधी रुख इसी का नतीजा भी हो सकता है। लेकिन सवाल उठता है कि सिंह ने यह बात बताने में इतनी देर क्यों कर दी।

# क्या हमने पूरी आजादी पा ली है?



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक-124001( हरियाणा)

आजकल हम अपने देश में आजादी का अमृत कल तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के 79 वें साल के जशन मना रहे हैं। इस आजादी को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न धर्मो,क्षेत्रों,भाषाओं,समुदायों तथा विचारों के लोगों ने बढ़ चढ़कर बलिदान तथा त्याग किये तथा जेलों में भी गये। 95 साल पहले कांग्रेस की अध्यक्षता में हमने रावी नदी के किनारे पूर्ण स्वराज की प्राप्ति का प्रण लिया था जिसमें आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक समानता के साथ अवसरों की भी समानता होगी। स्वराज होगा जिसमें अपनी मर्जी की सरकार चुनेंगे, सबको पेट भर खाना मिलेगा, सबको आजादी मिलेगी।

परंतु अफसोस की बात यह है कि जिस प्रकार की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कुर्बानियां दी थी उस प्रकार की आजादी तो कहीं देखने को मिलती ही नहीं! अंग्रेजों से आजादी के बाद हम स्वराज, बंधुता, समानता,अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना तथा विरोध करना और अपनी मर्जी की सरकार बनाना चाहते थे। लेकिन 78 साल गुजरने के बाद भी हम 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा लहराकर आजादी का जशन मनाने की औपचारिकता पूरी कर देते हैं लेकिन वास्तव में यह वह आजादी नहीं है जिसकी हमने कल्पना की थी। हमारे देश में ऊपर के 10 प्रतिशत अमीर लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत भाग है। लोगों को आजादी तो मिल गई लेकिन पेट भर भोजन नहीं मिला,करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। क्या सरकार के द्वारा 80 करोड लोगों को 5 किलो अनाज मुफ्त में देना उनके लिए स्वाभिमान का विषय है। मतदाताओं का काम केवल वोट देने तक ही सीमित है। लोगों के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि विधानसभाओं यह संसद में अपने हितों को ध्यान में रखकर व्यवहार करते हैं। जिस तरह से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कुपोषण, पीने के पानी की कमी, महंगी शिक्षा प्रणाली,चिकित्सा सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है वह कहीं भी स्वतंत्रता सेनानियों के आजाद भारत के एजेंडे या सपने में शामिल नहीं था। आजादी प्राप्त होने पर लोगों को सरकार की नीतियों का विरोध करने का अधिकार होना चाहिए। लेकिन परिस्थितियों ऐसी हैं कि जो कोई भी सरकार की किसी नीति का विरोध करता है उसकी खैर नहीं। स्वतंत्र भारत में स्वायत्त संस्थाएं स्वतंत्र तौर पर नहीं बल्कि सरकार के आदेश के अनुसार काम करती हैं। भ्रष्टाचार की काली छाया न्याय की देवी पर भी पड़ने लगी है। जस्टिस वर्मा का मामला हमारे सामने है। सभी धर्मो, समुदायों, जातियां, क्षेत्रों तथा भाषाओं के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर देश को स्वतंत्र करने में अपने-अपने ढंग से योगदान दिया। लेकिन अफसोस की बात यह है स्वतंत्र भारत में लोगों में इस प्रकार की एकता,सद्भाावना, भाईचारा तथा सहयोग देखने को नहीं मिलता जैसा की स्वतंत्रता आंदोलन में देखने को मिला था! राजनेता सत्ता लोलुप है! साम,दंड,भेद किसी भी तरीके से सत्ता में बने रहना चाहते हैं। स्वतंत्र भारत में न्यायपालिका,विधायिका, कार्यपालिका तथा मीडिया संविधान के मुताबिक अपने-अपने दायरे में काम नहीं कर रहे। मीडिया जनता की आवाज न बनकर सरकार की भाषा ही बोलता है, विधायिका में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष एक दूसरे की इज्जत करते हुए जनहित में काम नहीं करते, कार्यपालिका अपने आप को ही देश समझने लगी है, न्यायपालिका पर भी लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। हमने राजनीतिक स्वतंत्रता तो प्राप्त कर ली है परंतु आर्थिक स्वतंत्रता से अभी हम कोसों दूर है। हम अपनी बहुत सारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशों पर निर्भर करते हैं। हमारी अर्थव्यवस्था बेशक विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन यह सारा कुछ चीन तथा अमेरिका और रूस के सहयोग के बिना संभव नहीं। हम अपनी जरूरत की बहुत सारी वस्तुएं चीन से मंगवाते हैं। निर्यात के मुकाबले में आयात बहुत ज्यादा हैं जिसके फल स्वरुप भारत करोड़ों रुपए व्यापार घाटे के तौर पर चीन को देता है। हम अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत पेट्रोल विदेश से मंगवाते हैं। भारत के करोड़ों लोग विदेशों में काम करने के लिए मजबूर है क्योंकि अपने देश में काम नहीं मिलता। इन दोनों विपक्ष के द्वारा चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप सरकार पर लगाया जा रहा है। एसआईआर के तहत नई मतदाता सूचियां चुनाव आयोग द्वारा इस तरह बनाई जा रही है जिसमें सत्ता पक्ष के मोटर ज्यादा हूं। इसके बाद इसी नीति को देश के अन्य राज्यों में भी लागू किए जाने की संभावना है जिससे सत्ता पक्ष हमेशा सत्ता सीन रहेगा। संसद में इस पर चर्चा की अनुमति नहीं मिली फतेह मामला सुप्रीम कोर्ट मैच पहुंच गया है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। कहने को तो लोकतंत्र यहां ठीक प्रकार से चल रहा है। हर साल देश के प्रधानमंत्री लाल किले की प्रचीरे से देश को संबोधित करते हैं जिसमें सरकार की उपलब्धियां तथा देश के विकास तथा कल्याण के कार्यक्रमों की घोषणा की जाती है। हमारे देश की स्वतंत्रता तभी पूरी समझी जाएगी जब ईमानदार तथा कर्तव्यनिष्ठ सरकार हो, सबको रोजगार मिले, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हो, सबको पेट भर भोजन मिले, पीने का पानी, रहने के लिए जगह, सस्ती शिक्षा तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है, देश में विभिन्न समुदायों के लोग मिलजुल कर तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से रहे। अगर लोगों को महसूस हो कि सरकार उनकी अपेक्षा के मुताबिक काम नहीं कर रहे तो सरकार इसका विरोध कर सकें, तभी ही हमारा लोकतंत्र पूर्ण तथा मजबूत होगा।





प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात?



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली



प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें,जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है,ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध,हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करो रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षो की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं,वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है,सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

# जब मिठाईयां बनीं क्रांतिकारियों के गुप्त संदेशों की संवाहक



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा,उत्तरप्रदेश




मिठाई मन मोहती हैं, मुंह में स्वाद घोलती हैं। चाहे बच्चे-बूढ़े हों या तरुण किशोर,प्रौढ़ स्त्री-पुरुष हों या नवजवान। नौकरीपेशा अधिकारी-कर्मचारी हों या कामगार मजदूर किसान। शहरी नागरिक हों या वनवासी एवं गिरिवासी। मिठाई सभी को पसंद है और मिठाई देखते ही मुंह में पानी आने लगता है और जीभ पर विशेष स्वाद उतर आता है। मिठाई के सभी दीवाने हैं। मिठाई के बिना कोई तीज-त्योहार,धार्मिक अनुष्ठान,यज्ञ-कर्मकाण्ड,विवाह-निकाह सम्पन्न नहीं होता। जन्मदिन की पार्टी में केक के अलावा कोई और मिठाई न हो तो पार्टी फीकी हो जाती है। कार्यालयों में स्थानांतरण या सेवानिवृत्ति का विदाई समारोह हो तो मिठाई की प्लेटों की शोभा देखते ही बनती है। भगवान के भोग राग में भी मिठाई की थाली आवश्यक है। और तो और,श्मशान में मृतक की अंत्येष्टि में भी सात प्रकार की मिठाई का डिब्बा रखने की परम्परा विद्यमान है। कुल मिलाकर मिठाई समाज जीवन के दैनंदिन और विशेष आयोजनों का विशेष एवं अनिवार्य हिस्सा है जिसकी रिक्तता की पूर्ति असंभव है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई में मिठाईयों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बनारस की तिरंगी बर्फी और कलकत्ता की जय हिंद संदेश बर्फी ने अंग्रेजी सत्ता की नींद उड़ा दी थी,तब उनके निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। निःसंदेह स्वतंत्रता आंदोलन में मिठाई की दुकानों की महत्वपूर्ण भूमिका थी, जिसे समझना आवश्यक है।

लेख का शीर्षक देखकर पाठक चौंके होंगे कि क्या ऐसा सम्भव हुआ होगा,किंतु यह बात सोलह आने सच और खरी है कि अंग्रेजों से भारत वर्ष की आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों एवं राजनीतिक नेताओ-सेनानियों की भांति हलवाइयों ने भी अपने अलग तरीके से अप्रत्यक्ष ढंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से अंग्रेजों से लोहा नहीं ले सके किंतु अपनी मिठाइयों के माध्यम से गुप्त संदेशों को न केवल क्रांति कारियों तक पहुंचाया बल्कि क्रांति कारियों को अपनी दुकानों में आश्रय भी दिया। किंतु दुर्भाग्यवश देश की आजादी की लड़ाई में मिठाई की दुकानों का योगदान अचर्चित एवं अलिखित रह अवश्य गया है पर बनारस, दिल्ली और कोलकाता की गलियों में उनके योगदान के मीठे किस्से आज भी हवा में तैर रहे हैं। अगस्त 1942,महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ किया। बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गये। अंग्रेजी हुकूमत ने देशभर में तिरंगा फहराने-लहराने तथा तिरंगा ध्वज साथ लेकर चलने-फिरने पर प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही सार्वजनिक समारोहों के आयोजन करने पर भी रोक लगा दी गई। ऐसे अवसर पर सामान्य जन में देशप्रेम की भावना उत्पन्न करने और अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की धार को तीव्रतर बनाये रखने के लिए बनारस के देशभक्त हलवाई रघुनाथ प्रसाद ने एक तीन परतों की बर्फी बनाई,जिसे नाम दिया गया तिरंगी बर्फी। यह विशेष प्रकार की बर्फी काजू,बादाम और पिस्ता से तैयार की जाती थी तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं आमजन को भी मुफ्त भी खिलाई जाती थी ताकि उनके मन-मस्तिष्क में देशभक्ति का रंग और जिह्वा पर स्वाद चढ़ा रहे। इसके साथ ही जवाहर लड्डू,गांधी गौरव,सुभाष भोग,मोती पाक और वल्लभ संदेश नाम से विविध मिठाइयां बनाई जाती थीं।आज भी यह तिरंगी बर्फी बनारस के ठठेरी बाजार की उस दुकान में बनाई जा रही है हालांकि अब काजू,बादाम एवं पिस्ता की जगह यह दूध और खोया से तैयार की जा रही है, लेकिन अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए यह तिरंगी बर्फी आज भी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है,आमतौर से स्वाधीनता दिवस तथा गणतंत्र दिवस में बहुत मांग रहती है। इसी प्रकार कोलकाता में मन्मथ दास नाम के हलवाई ने जयहिंद संदेश नाम की तीन रंगों की बर्फी तैयार की। ऊपर नारंगी रंग, बीच में मलाईदार खोवा की परत और नीचे पिस्ता से बनी हरी परत रहती थी। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि तिरंगी बर्फी और जयहिंद संदेश की अत्यंत लोकप्रियता और इनसे आमजन में देशभक्ति की भावना का ज्वार उठ जाने से अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ गई और अंग्रेजों ने जयहिंद संदेश तथा तिरंगी बर्फी निर्मित करने और विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया। बावजूद इसके यह बर्फी चोरी-छिपे बनाकर आम जनता तक पहुंचाई जाती रही।

अब मैं आपको दिल्ली की उन मिठाई की दुकानों की ओर लिए चलता हूं जहां भगत सिंह,चंद्रशेखर आजाद प्रभृति क्रांतिकारी न केवल गुप्त वार्ताएं करते थे बल्कि मिठाई के डिब्बों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे तक गुप्त सूचनाएं भी पहुंचाते थे। जब अंग्रेजी सत्ता के गुप्तचर क्रांतिकारियों की टोह लेने के लिए चतुर्दिक सक्रिय रहते थे और क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम तक पहुंचने से पहले रोकने के लिए अंग्रेजी सत्ता कटिबद्ध थी तब क्रांतिकारियों ने मिठाईयां को कोड देकर महत्वपूर्ण संदेश गोपनीय ढंग से गुप्तचरों की आंखों में धूल झोंकते हुए संबंधित क्रांतिकारी तक न केवल पहुंचाते थे बल्कि क्रांतिकारी गतिविधियां भी संपन्न करते थे। जैसे यदि मिठाई के डिब्बे में लड्डू है तो इसका आशय था कि अड्डे पर बम उतर रहे हैं, बंगाली छेना रसगुल्ला का अर्थ होता था कि विस्फोटकों की एक बड़ी खेप रास्ते पर है। इसी तरह यदि डिब्बे में बर्फी है तो पाने वाला क्रांतिकारी समझ जाता था कि कारतूस,गोला और बारूद उपलब्ध हो गया है। इन मिठाई की दुकानों की ओर अंग्रेजों का कभी ध्यान नहीं गया और न कभी छापा डाला गया। इसलिए क्रांतिकारी अंग्रेजों की नजरें बचा कर यहां बैठकर न केवल अपनी गुप्त वार्ताएं संपन्न करते थे बल्कि संकट और धरपकड़ के समय कुछ दिनों का आश्रय भी पाते थे।

भारत की आजादी के संघर्ष इतिहास का यह एक ऐसा अध्याय है जिसके पृष्ठ कोरे हैं। आवश्यकता है कि इस पर सरकार द्वारा शोध करवाकर स्वातंर्त्य समर में मिठाई की दुकानों के योगदान को अंकित किया जाये ताकि आगामी पीढ़ी परिचित हो प्रेरणा ग्रहण कर सके।

## कविता
### हिन्दुस्तान हमारा है...



घटती-घटना
केशी गुप्ता
द्वारका
नई दिल्ली




ये धरती है ऋषियों की
ना घोलों ज़हर नफ़रत का
समझो चाल दुश्मन की
मत छोड़ो हाथ अपनों का
राम रहीम जुदा नहीं
लाल ख़ून है दोनों का
ताकत की लड़ाई में
सुलग रहा चमन मेरा
आज़ादी की बहुत
क़ीमत चुकाई है हमने
चीख पुकार का वो मंजर
दफन अभी भी है सीने में
जागो सोने वालों तुम
हो जाओ एक ऐसे तुम
के चाह कर भी कोई तुम्हें
अलग फिर कर नहीं पाए
ना तेरा है ना मेरा है
ये चमन हमारा है
कुदरत का हंसी देखो
चारों तरफ नजारा है
संभालो इसको तुम मिलकर
यही जन्नत हमारी है
ये हिन्दुस्तान हमारा है
ये गुलिस्तान हमरा है

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# संसद का दृश्य अखाड़े से कम नहीं लगता

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है जिससे संसद का कामकाज बाधित है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, बल्कि राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। एक ओर सरकार संवाद से बच रही है तो दूसरी ओर विपक्ष दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामे बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडंबनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूटे जा रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच टकराव में बहस की बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरु आत उम्मीदों से भरी थी,नये विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा,विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता



जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी,किसानों की समस्याएं और हाल में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है,जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाए। संसद में गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल,महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा,कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं,बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। दुर्भाग्यवश,विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई पक्ष झुकने को तैयार नहीं। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा। पिछले वर्षो में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए लेकिन सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है, और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है,इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है।

-ललित गर्ग-

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा सरगुजा द्वारा आयोजित हुआ विस्थापित परिवार सम्मान सम्मेलन

## पीड़ित परिवारों की स्मृति में भावपूर्ण श्रद्धांजलि,विभाजन की त्रासदी पर विस्तृत विमर्श






-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

भाजपा सरगुजा द्वारा आज पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस अंतर्गत विस्थापित परिवार सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राम विचार नेताम थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज कार्यक्रम संयोजक ललन प्रताप सिंह,महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन से हुई। वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से पूरा ऑडिटोरियम देशभक्ति से गूंज उठा। मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि विभाजन का नाम सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज़ादी के बाद देश ने जितनी बड़ी कीमत चुकाई,उतनी ही भीषण पीड़ा बंटवारे ने दी। बांग्लादेश के विभाजन में बंग समाज ने जो कष्ट झेले, वह अकल्पनीय है। बंटवारे के समय परिवार बिखर गए, लोग बेघर हो गए, आबरू तार-तार हुई। तत्कालीन सरकारों ने इस सच्चाई को दबा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रतिवर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा कर इस त्रासदी को जानने और समझने का अवसर दिया है। आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगातार घट रही है,मंदिर तोड़े जा रहे हैं, और वहीं कुछ लोग धर्मनिरपेक्षता का दिखावा करते हैं। मोदी सरकार ऐसे पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग कर रही है। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज़ादी के लिए हजारों सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए,लेकिन 1947 का विभाजन हमारे इतिहास की सबसे भयावह त्रासदी है। 2021 से भाजपा लगातार विभाजन विभीषिका दिवस मना रही है ताकि आने वाली पीढ़ियां इस काले अध्याय को याद रखें। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि विभाजन ने देश को अपार क्षति पहुंचाई,लेकिन तत्कालीन सरकार ने सच्चाई को छिपाने का कार्य किया। कांग्रेस ने इतिहास में असली नायकों को भुलाकर खलनायकों को स्थान दिया। बंटवारे के दौरान लाखों हिंदुओं का कत्ल हुआ, ट्रेनें लाशों से भर दी गईं। अब मोदी सरकार में असली इतिहास जनता के सामने आ रहा है और देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि जब देश स्वतंत्रता के उल्लास में डूबा था, उसी समय संप्रदाय के आधार पर विभाजन की साजिश रची जा रही थी। सिंध, बलूचिस्तान, बंगाल हमारे हाथ से निकल गए। पाकिस्तान जाने वाली ट्रेनों में तो लोग सुरक्षित पहुंचे,लेकिन भारत आने वाली गाड़ियां लाशों से भरी थीं। बंग समाज ने सब कुछ छोड़कर पलायन किया,भूखे-प्यासे रहकर भी खुद को संभाला और आज देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर ने कहा कि आज़ादी के बाद जिन्ना के कारण बंटवारे का दंश झेलना पड़ा। 'जय भीम' का नारा दरअसल देश के दलितों को हिंदुओं से तोड़ने की साजिश का हिस्सा था। हम सब एक हैं,सनातनी हैं और एक रहेंगे। बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं की घटती संख्या कांग्रेस की नीतियों का परिणाम है। मोदी सरकार ने CAA जैसे कानून बनाकर पीड़ित हिंदुओं को संरक्षण देने का कार्य किया है। कार्यक्रम संयोजक ललन प्रताप सिंह ने विभाजन की पृष्ठभूमि, बंग समाज के संघर्ष और भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला। महापौर मंजूषा भगत,जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में बंग समाज से आए विभाजन की त्रासदी झेले हुए परिवारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री विजय व्यापारी ने किया। इस अवसर पर सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, वैभव सिंह देव,कमलेश तिवारी,मनोज कंसारी,फुलेश्वरी सिंह, अरुण सिंह, मधुसूदन शुक्ला, जन्मजेय मिश्रा, राजकुमार बंसल, विकास पांडे,निश्चल प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, सोमनाथ सिंह, श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी,निरंजन राय, शालिनी सिंह,नीलम राजवाड़े,रविंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता,पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नशीली इंजेक्शन की बड़ी खेप के साथ मुख्य सप्लायर मंदा गिरफ्तार,दो और आरोपी रडार पर



-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को उड़नदस्ता टीम ने सरगांवा सकालो क्षेत्र में नशीली इंजेक्शन की सप्लाई करने आए मुख्य डीलर मनीष कुमार चौबे उर्फ मंदा को बाइक सहित गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने सांई बाबा स्कूल के पास घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी के बाइक में टंगे झोले से 100 नग रेक्सोजेसिक और 100 नग एविल नशीली इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) के तहत कार्रवाई कर उसे जेल दीया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक आकाश साहू भी शामिल रहे। अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि इससे पहले जिले के सबसे बड़े सप्लायर देवेंद्र सिंह को जेल भेजा जा चुका है, और अब तीन में से एक अन्य मुख्य सप्लायर मंदा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उड़नदस्ता टीम की सक्रियता से नशा तस्करों में खौफ का माहौल है। बाकी बचे दो मुख्य सप्लायरों को भी जल्द गिरफ्तार करने की योजना बनाई जा चुकी है।

# महुआ व यूरिया चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार,बाइक व नगदी जब्त



-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने महुआ और यूरिया खाद की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला 12 अगस्त को ग्राम पेटला करियाखार निवासी रमेश बड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अगस्त को उसके घर में रखे 6 बोरी महुआ और 2 बोरी यूरिया खाद में से 4 बोरी महुआ व 2 बोरी यूरिया चोरी हो गया है। प्रार्थी ने बताया कि घटना के समय घर में कोई नहीं था और गांववालों ने देखा कि आरोपी अमोश उर्फ झोला (20 वर्ष) एवं दीपक गिरी (21 वर्ष) मोटरसाइकिल में बोरियां लादकर ले जा रहे थे। पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 318/25 के तहत भा.दं.सं. की धारा 331(3), 305(), 3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल,1 बोरी महुआ और 800 रुपये नगद (महुआ बिक्री की राशि) बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कुमार पाण्डेय,सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता, आरक्षक देवनाथ भगत और राम प्रसाद लकड़ा शामिल रहे।

# तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का जोश

## बारिश में भी उमड़ा जनसैलाब

-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व राष्ट्रप्रेम और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। बरसते पानी के बावजूद जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दोपहर 2 बजे जनपद परिसर, उदयपुर से यात्रा की शुरुआत हुई।

छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, विधायक राजेश अग्रवाल, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह,देवगढ़ मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह समेत भाजपा पदाधिकारी,अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और दिल में देशप्रेम लिए प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाए।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। रेस्ट हाउस पहुंचने पर यात्रा का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक राजेश अग्रवाल ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि,प्रमिला पोर्ते और कल्पना भदौरिया,जनपद सदस्य मुन्ना सिंह,अर्जुन सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,संतोष जायसवाल, दिनेश यादव,बुधमोहन सिंह,मूलचंद अग्रवाल कमलेश जायसवाल मौजूद रहे। बरसात के बीच भी निकली इस तिरंगा यात्रा ने नगर में स्वतंत्रता दिवस का माहौल पहले से ही जीवंत कर दिया।



# टी-शर्ट एक्सचेंज के नाम पर युवक से 97 हजार की ठगी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

शहर के कलेक्टर बंगला रोड निवासी अभिमन्यु यादव के साथ ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर टी-शर्ट ऑर्डर करना और एक्सचेंज के झांसे में आकर उन्होंने करीब 97 हजार 270 रुपये गंवा दिए। पीड़ित ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है,जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभिमन्यु यादव ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 3 अगस्त को इंस्टाग्राम पर एक ऑनलाइन कंपनी से टी-शर्ट ऑर्डर की थी, जिसकी डिलीवरी 11 अगस्त को हुई। टी-शर्ट का साइज छोटा होने पर उन्होंने इसे रिटर्न करने की प्रक्रिया शुरू की। अगले ही दिन यानी 12 अगस्त को उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि रिटर्न के बजाय टी-शर्ट का एक्सचेंज किया जा सकता है। कॉल करने वाले ने अभिमन्यु को एक क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी भेजी। पहले उन्होंने 2,000 रुपये स्कैन कर भेजे। इसके बाद कॉलर ने एक और कोड भेजकर 4,999 रुपये का क्यूआर कोड दबाने को कहा। जैसे ही अभिमन्यु ने कोड पर क्लिक किया, उनके खाते से दो बार में कुल 97,270 रुपये की कटौती हो गई–पहले 49,867 रुपये और फिर 40,012 रुपये। रकम कटने के बाद अभिमन्यु को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तुरंत कोतवाली थाने में इसकी शिकायत की। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।




# जर्जर दीवार गिरने से मासूम बच्ची की मौत,मां गंभीर घायल



-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

लहपटरा मंदिरपारा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 6 वर्षीय मासूम रिया राजवाड़े की मौत हो गई, जबकि उसकी मां पार्वती राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों पर जर्जर मकान की दीवार गिर गई, जिससे वे मलबे में दब गईं। घटना सुबह 9 बजे की है। पार्वती राजवाड़े, पति कृपाल राजवाड़े, अपनी बेटी रिया को स्कूल लाने मायके बाजारपारा गई थीं। लौटते समय रास्ते में शंभू राजवाड़े के कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। तेज बारिश के कारण दीवार में पहले से दरारें थीं और नमी के चलते वह कमजोर हो चुकी थी। दीवार गिरते ही बच्ची पूरी तरह मलबे में दब गई, जबकि मां का सिर बाहर था। मौके पर मौजूद बच्ची के दादा आलम साय और ग्रामीणों ने तुरंत मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को तत्काल संजीवनी 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बेहतर उपचार की सुविधा देने के निर्देश भी दिए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्ची को सुबह 10:26 बजे मृत घोषित कर दिया। मां पार्वती की हालत गंभीर बनी हुई है, उनकी कमर और जांघ की हड्डी बुरी तरह टूट चुकी है। मृत बच्ची के पिता कृपाल राजवाड़े ने बताया कि रिया का इस साल गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा पहली में दाखिला कराया गया था। वे इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और आगे की जांच जारी है।

## फर्जी दस्तावेज बनवाकर बड़े भाई ने लिया केसीसी लोन, 2.80 लाख की निकासी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बकनाकला निवासी शिव प्रसाद ने अपने बड़े भाई जनक राम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव प्रसाद ने बताया कि उसके बड़े भाई जनक राम ने 28 जनवरी 2019 को मां और परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति के बिना सामूहिक खाते की जमीन पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सेंट्रल बैंक उदारी से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 2 लाख 80 हजार रुपये का लोन ले लिया। बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर शिव प्रसाद को पता चला कि 20 अप्रैल 2019 को 75 हजार रुपये, 27 सितंबर 2019 को 80 हजार रुपये, 17 फरवरी 2020 को 75 हजार रुपये और 3 मई 2020 को 50 हजार रुपये की निकासी की गई।

# महिला ने अज्ञात कारण से खुद का रेता गला,मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त2025
(घटती-घटना)।

मामले के संबंध में बताया गया कि ग्राम दोरना,जुनाडीहपारा में एक महिला ने खुद का गला रेत लिया है। गंभीर स्थिति में परिजन उसे होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका के पति जनेवधारी पिता महाजन 45 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी वनस्पति 13 अगस्त को घर में थी। परिवार के अन्य लोग गांव में देवानंद प्रधान के यहां खेत में काम करने गए थे। शाम करीब 6 बजे जब वह घर वापस आ रहा था,उसी समय गांव का मोटरसायकल में सवार मुस्कान उसके घर से कुछ दूर मिला। वह बताया कि चाची गला रेत ली है। इसकी जानकारी मिलने पर जब वह घर जा रहा था,तो उसके लड़के अजय,अभिषेक व भतीजा सुखसाय तीनों हाथ-पैर को पकड़कर उसकी पत्नी को उठाकर ला रहे थे। पत्नी के गला से खून निकला था। गांव के ही दिलीप की ओमनी वाहन में लेकर वह अपनी पत्नी को होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर आने के लिए निकला, लेकिन वह रास्ते में बेहोश हो गई थी और हिचकी आ रहा था। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इससे पति, पुत्र सहित अन्य अनभिज्ञ हैं। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# ग्राम पंचायत सचिव की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में पदस्थ सचिव उमाशंकर सिंह उर्फ उमा सिंह (59 वर्ष) की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वे ग्राम कलगसा के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, 13 अगस्त को उमाशंकर सिंह अपने भतीजे अजीत सिंह के साथ कार्यालयीन कार्य से अंबिकापुर आए थे। शाम लगभग 5 बजे घर लौटते समय अजीत के मामा का फोन आया और उन्होंने उन्हें घुनघुट्टा बांध के पास खाना खाने के लिए आमंत्रित किया।

दोनों वहां पहुंचे,जहां अजीत ने अन्य लोगों के साथ खाना खा लिया। उमाशंकर जैसे ही खाना खाने बैठे, अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर ले गए, जहां शाम 7:45 बजे डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।


## आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने हेतु निम्न पदों के लिए योग्य कर्मठ,जुझारू,महिला/पुरूष की आवश्यकता है।

| स.क्र. | पद | संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सह संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 02 | समाचार संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 03 | प्रबंध संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 04 | विज्ञापन प्रभारी | 2 पद | 10,000 से 15,000 |
| 05 | ब्यूरो चीफ | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 06 | संवाददाता | 2 पद | 8000 से 12,000 |

नोट:- आवेदक फोन पर संपर्क ना करें। स्वयं बायोडाटा के के साथ कार्यालय में संपर्क करें।

पता :- कार्यालय दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना शनि मंदिर के पास,नमनाकला,अम्बिकापुर छत्तीसगढ़, मो0नं0 - 98265-32611

# सरगुजा संभाग के 6 जिलों के संगठन की मैराथन बैठक आयोजित






-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग ने संगठन सृजन अभियान के तहत आज गुरुवार को सरगुजा संभाग के 6 ज़िलों के संगठन की मैराथन बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ली। कांग्रेस ने बेलगावी अधिवेशन में वर्ष 2025 में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया था। इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी निरंतर प्रत्येक स्तर पर इस दिशा में चल रहे प्रयासों की समीक्षा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने 31 जुलाई तक मंडलों और उनके कमेटियों के गठन का लक्ष्य रखा था। इसकी समीक्षा के लिये आज संभागीय बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सुश्री जरीता लैतफलांग ने कहा कि संगठन सृजन के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा ऊर्जा और तजुर्बे के आपसी तालमेल के माध्यम से राष्ट्र की सेवा है। समीक्षा बैठक में उन्होंने यह हिदायत दी कि मंडल, सेक्टर और बूथ कमेटी के गठन का आधार योग्यता होगी। ऐसी किसी कमेटी के गठन में पक्षपात पाये जाने पर उसे तत्काल भंग कर दिया जायेगा। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि सरगुजा संभाग में इन कमेटियों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और महिलाओं को 70 प्रतिशत पद दिये गए हैं। बैठक को संबोधित करते हुए आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग और यहाँ के सम्मानित नागरिक सदैव से कांग्रेस पार्टी को अपना प्रतिनिधि चुनने में



प्राथमिकता देते आये हैं। यह अब भी कायम है। निश्चित तौर पर विगत कार्यकाल में अच्छे कार्यों के बाद भी कुछ विशिष्ट वजहों से हमे हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद भी हम नागरिकों के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटे हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की ऐसी फौज कायम करने का अभियान है जिसके माध्यम से कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग के गठबंधन से निपटने को तैयार है। सत्र के उद्घाटन भाषण में कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने कहा कि पूरे प्रदेश में सरगुजा एकमात्र ऐसा जिला है जिसने निर्धारित समय अवधि में मंडल अध्यक्ष और उनकी कमेटियों का गठन पार्टी के द्वारा निर्धारित मापदंडों पर किया गया है। उन्होंने यह आश्वस्त किया कि सरगुजा जिला समय सीमा में बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर लेगी।

इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, विनय भगत, विनय जायसवाल, यू डी मिंज, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, सरगुजा जिले कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राकेश गुप्ता, आदिम जाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, श्रीमती भगवती राजवाड़े, के पी सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव सहित संभाग के 6 जिलों के 49 सांगठनिक ब्लॉक के प्रभारी और अध्यक्ष मौजूद थे।

## 6 जिलों के लिए 7 घंटे की मैराथन बैठक

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सरगुजा संभाग के 6 जिलों के लिए 6 जिला प्रभारी और इन जिलों में स्थित 49 सांगठनिक ब्लॉक के 49 ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की थी।एआईसीसी की सचिव सुश्री जरीता लैतफलांग ने आज इन जिला प्रभारियों और ब्लॉक प्रभारियों के साथ ही सभी जिला अध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों को बैठक हेतु बुलाया था। प्रारंभिक सामुहिक बैठक के उपरांत उन्होंने जिलावार जिला प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक ली। बैठकों का दौर 7 घंटे तक चला। इस दौरान समयसीमा में संगठन को पूर्ण आकर देने की हिदायत उन्होंने दी है।

## वोट चोर गद्दी छोड़ कैंडल रैली प्रारंभ

राजीव भवन से महामाया चौक तक निकाली गई जिसमे सुश्री जरीता लैतफलांग, श्री आदित्येश्वर शरण सिहदेव, अमरजीत भगत, श्री बालकृष्ण पाठक, शफी अहमद, राकेश गुप्ता मौजूद रहे।

# विशाल निशुल्क मेगा मेडिकल व परामर्श कैंप का आयोजन

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रजा यूनिटी फाउंडेशन अंबिकापुर के द्वारा दिनांक 7.9.2025 दिन रविवार को विशाल निशुल्क मेगा मेडिकल व परामर्श कैंप का आयोजन किया जाना तय हुआ है। शिविर में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक महामाया रोड इंद्रवाटिका सभा कक्ष में मरीजों का उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद (स.)के मानव सेवा के संदेश के अनुसार समाज के सभी वर्गो हिन्दू,मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई व अन्य का इलाज मुफ्त में किया जायेगा। इस मेडिकल कैंप में अलग-अलग बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध रहेंगे। इस कैंप की विशेषता है कि निशुल्क पंजीयन, निशुल्क पैथोलॉजी जांच, निशुल्क दवा वितरण तथा निशुल्क आयुष्मान पंजीयन का किया जाएगा। कैंप में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक के माध्यम से हृदय रोग,किडनी रोग,हार्मोन रोग,नेत्र रोग,हड्डी रोग,चर्म रोग,कैंसर रोग, सिकल सेल,स्त्री रोग, न्यूरो एवं नस रोग, नाक कान,गला व शिशु रोग आदि का विशेषज्ञ चिकित्सा




के माध्यम से उपचार किया जाएगा। आयुर्वेदिक, यूनानी पैथी, फिजियो थैरेपी, प्लास्टिक सर्जरी आदि के विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रजा यूनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष शादाब आलम रिज़वी ने बताया कि इस कैंप में भाग लेने के लिए जरूरी है कि मरीज अपना रजिस्ट्रेशन संस्था के द्वारा दिए गए नंबर9752676286/7415752932 पर करा लें। जांच के पश्चात मरीज को दवाई भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। कैंप में बाहर से आने वाले मरीजों के लिए निशुल्क खाने-पीने और नाश्ते की व्यवस्था की गई है। आंखों की जांच के बाद मरीज को निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जांच के पश्चात गंभीर मरीजों का चयन करके उनके उपचार के लिये शासन की कल्याणकारी योजनाओं की मदद से आगे के इलाज की व्यवस्था के प्रयास भी किये जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष श्री रिज़वी ने बताया कि शिविर के सफल संचालन के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति में पार्षद हाजी अख्तर फिरदौसी, अशफ़ाक़ अली, फैज़ान अहमद, नियाजुद्दीन खान, गुलाब खान, रजाउल मुस्तफा, तवरेज अजीजी,गुलाम मुस्तफा, ताहिर अंसारी, शेख नूर,शहज़ेब अंसारी, इरशाद खान, फैयाज रंगरेज,हसन खान गुड्डू,मोहम्मद असलम आदि प्रमुख लोग है।

# पुलिस ने आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

## आरोपी बारियों साप्ताहिक बाजार में एक व्यक्ति पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर जान से मारने की थी कोशिश

-संवाददाता-
बेरियो, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
बलरामपुर जिले के राजपुर थाने के अंतर्गत आने वाले बरियों चौकी के क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में दुकान चलाने वाले व्यक्ति पर पेट्रोल डालकर जानलेवा हमला करने वाला आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियों चौकी पुलिस ने बीते 7 अगस्त को बारियों साप्ताहिक बाजार में आदतन अपराधी विकास दास के द्वारा मामूली कहासुनी के बाद एक दुकानदार के ऊपर जान लेने की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले को अम्बिकापुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

**आरोपी विकास दास ने प्लानिंग बोतल में छुपा कर लाया था पेट्रोल :** आरोपी के द्वारा प्रार्थी को पहले गाली-गलौज कर धमकी दीया गया. इसके बाद बोतल में छुपाकर लाया पेट्रोल दुकानदार बलराम कटारे पर डालकर आग लगा दी।



**बचाव करने वाले व्यक्ति हुआ आगजनी का शिकार :** बीच-बचाव करने आए प्रार्थी अंकित बुन्देलखंडी भी झुलस गएगया। दुकान में रखा नकद भी जलकर खाक हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी विकास दास के विरूद्ध चौकी बरियों, थाना राजपुर में अपराध कमांक 188/2025 धारा 109, 118(1), 296, 351(2), 326 भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विश्वदीपक त्रिपाठी व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुसमी इम्मानुएल लकड़ा के निर्देशन में पुलिस टीम के द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। विकास दास पर बलरामपुर,सरगुजा और सूरजपुर जिलों में लूट,चोरी,मारपीट,एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट समेत 10 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। सरगुजा जिले के थाना मणिपुर,थाना गांधीनगर एवं बलरामपुर जिले के थाना शंकरगढ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी,जो शातिर आरोपी होने से पकड़ में नहीं आ रहा था। चौकी बरियों पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करने पर अंबिकापुर में दबिश देकर आदतन आरोपी विकास दास को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुछताछ पर आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल,पेट्रोल रखे प्लास्टिक बोतल एवं लाईटर बरामद किया। पुलिस ने आरोपी विकास दास पिता धनुकधारी दास (24 वर्ष),निवासी बरियों,बांसपारा,चौकी बरियों, याना राजपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा। कार्यवाही में शामिल रहे चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह,प्र.आर. विजय गुप्ता,प्रदीप यादव, बृजभान पैकरा,आर. जगनाथ केराम,सुबोध पैकरा,सुरेन्द्र रवि,राममुरत यादव,रंजित गुप्ता का विशेष योगदान रहा है।

# जिले के विद्यालयों में मनाया गया विभाजन विभीषिका दिवस

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार, जिले के समस्त विद्यालयों में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। यह दिवस 1947 में हुए भारत के विभाजन के दौरान हुई अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी की स्मृति में मनाया जाता है, जिसमें लाखों लोगों का विस्थापन, असंख्य जानों की क्षति और आर्थिक व सांस्कृतिक उथल-पुथल हुई थी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य उन लोगों के साहस और धैर्य का सम्मान करना था,जिन्होंने



विभाजन की पीड़ा को सहा, साथ ही एकता,शांति और सद्भाव के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना था। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में भाषण, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, कविता पाठ, पुस्तक वाचन, डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन,कहानी सुनाना और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता देते हुए विभाजन के इतिहास को याद किया और उससे जुड़े मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे ध्वजारोहण

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
79वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का गरिमामय आयोजन जिले के पुलिस ग्राउंड, अंबिकापुर में किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम द्वारा प्रातः 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:00 से 09:02 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण एवं सलामी, 09:02 से 09:05 बजे राष्ट्रगान, 09:05 से 09:08 बजे परेड कमाण्डर द्वारा परेड रिपोर्टिंग। जिसके पश्चात 09:08 से 09:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 09:15 से 09:45 बजे मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन, 09:45 से 09:47 बजे रंगीन गुब्बारा उड्डयन, 09:47 से 09:50 बजे संदेश वाचन उपरांत हर्ष फायर, 09:50 से 09:52 बजे राष्ट्रपति महोदय की जय के नारे, 09:52 से 10:04 बजे परेड मार्च पास्ट, 10:04 से 10:10 बजे मुख्य अतिथि का परेड कमाण्डर से परिचय, 10:10 से 10:12 बजे फोटोग्राफी, 10:12 से 10:20 बजे शहीद परिवार से भेंट कार्यक्रम, 10:20 से 10:56 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:56 से 11:13 बजे सम्मान पुरस्कार वितरण एवं 11:13 से 11:15 बजे आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# असोला में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत स्वच्छता संवाद, सेनेटरी पैड वितरण और जागरूकता रैली



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
जिले के ग्राम पंचायत असोला में हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर विशेष स्वच्छता संवाद आयोजित किया गया, जिसमें किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए,ताकि वे सुरक्षित और स्वस्थ माहवारी प्रबंधन को अपना सकें। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,मितानिन,स्वच्छाग्राही दीदियां,ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। संवाद के बाद हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामे और स्वच्छता के नारे लगाते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया,जिससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुँचा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह,जनपद पंचायत अंबिकापुर के उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, बीडीसी सदस्य अनामिका,ग्राम पंचायत असोला के सरपंच, सचिव,रोजगार सहायक,बीएसओ,बीपीएम बिहान, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, पीआरपी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम का संगम हमारे समाज को नई दिशा देगा। इसी कड़ी में जनपद पंचायत अंबिकापुर के अन्य ग्राम पंचायतों में भी हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। घर-घर जाकर तिरंगा विक्रय कर लोगों को अपने घरों पर ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे राष्ट्रीय पर्व का उल्लास और स्वच्छता का संकल्प दोनों एक साथ पूरे क्षेत्र में फैल सके।

# आंगनबाड़ी केंन्द्र चठीरमा में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 26 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि परियोजना अम्बिकापुर ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर भगवानपुर के ग्राम पंचायत चठीरमा के आंगनबाड़ी केंन्द्र चठीरमा खास में सहायिका के 01 पद पर भर्ती की जानी है। जिस हेतु 26 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस हेतु केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आयु सीमा आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वे अपना आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर (ग्रामीण) से प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि तक परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर (ग्रामीण) में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु नियुक्ति आदेश जारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया परियोजना अम्बिकापुर ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। मूल्यांकन समिति द्वारा तैयार अंतिम सूची के प्रेषण उपरांत, जनपद पंचायत की स्थाई समिति महिला एवं बाल विकास व स्वास्थ्य समिति की बैठक में पारित किये गये अनुमोदन के पश्चात सहायिका के पदों पर मानसेवी पद पर निर्धारित शर्तों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्ति की गई है। जिसमें ग्राम पंचायत सोनपुरकला के आंगनबाड़ी केंन्द्र रजघट्टापारा में सहायिका हेतु गीता विश्वकर्मा एवं ग्राम पंचायत सुखरी के आंगनबाड़ी केंन्द्र बाजारपारा में सहायिका हेतु मुन्नी बाई को अस्थाई रूप से नियुक्ति की गई है।



# देशभक्ति के रंग में रंगा बलरामपुर, तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय के नारों से गूंजा पूरा शहर

## सरगुजा सांसद के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा...तिरंगा राखी बनी देश प्रेम का प्रतीक...













-संवाददाता-
बलरामपुर, 14 अगस्त 2025/ (घटती-घटना)।
आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्तर पर देशभक्ति और सामाजिक सद्भाव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में सरगुजा सासंद श्री चिंतामणि महाराज के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

साथ ही सहित विद्यालयों के छात्र-छात्राए एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर निवास परिसर पुराना बस स्टैंड से हुआ, यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद जैसी गूंज से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंग गया। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। मुख्य मार्गों से गुजरते हुए यह यात्रा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए सेजेस हिंदी माध्यम स्कूल मैदान रैली का समापन हुआ। जिसमें सभी उपस्थित जन राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नागरिकों, युवाओं, महिलाओं सभी जनों में देश प्रेम के लिए नई ऊर्जा भी भर दी। हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दीदियों ने अनूठी पहल करते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को कागज़, ऊन, प्राकृतिक फूल, पत्तों से तैयार की गई तिरंगा राखी बांधकर राष्ट्रप्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। दीदियों ने स्वयं अपने हाथों से रंग-बिरंगे कागज़ और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग कर तिरंगा राखी तैयार की। इसमें तीनों रंग केसरिया, सफेद और हरा बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाए गए साथ ही बीच में अशोक चक्र की नीली आभा ने इसे और भी खास बना दिया।

सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने स्थानीय बोली में संबोधन करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि भारत माता एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री महाराज ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी से अपनी सहभागिता दिखाने की बात कहते हुए स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर सांसद ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए हर नागरिक को नशे के खिलाफ जागरूक और सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के लिए संकल्प लें और आस-पास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताएं और नशे से दूर रहने प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में सांसद श्री महाराज ने तिरंगा सेल्फी जोन में अपनी फोटो भी खिचाई। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आम नागरिक, युवा सेल्फी जोन में फोटो भी ली।

## अम्बिकापुर में सद्भावना स्वतंत्रता दौड का हुआ आयोजन

### जनप्रतिनिधियों सहित आईजी, कलेक्टर एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक हुए शामिल, स्वतंत्रता दौड़ के माध्यम से देशभक्ति एवं एकता का दिया संदेश



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 14 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें रजत जयंती वर्ष के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के तत्वावधान में आज अम्बिकापुर में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, अम्बिकापुर नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, नगर निगम सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद श्री आलोक दुबे सहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के उप संचालक श्री रामकुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा सहित प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मल्टीपरपज स्कूल से जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्वतंत्रता दौड़ महामाया चौक, घड़ी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चों और नागरिकों के उत्साहित भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ हमें देशभक्ति और एकता की भावना से जोड़ते हुए समाज में आपसी सहयोग और सद्भाव को मजबूत करती है। अम्बिकापुर नगर निगम महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित यह कार्यक्रम हमें देशभक्ति और एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक कुमार झा ने कहा कि सर्वधर्म समभाव हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जो विविधता में एकता की पहचान कराता है। सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ कोई प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला आयोजन है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दौड़ केवल एक खेल गतिविधि नहीं है, बल्कि यह हमें अपने देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं और बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और एकता की भावना को मजबूत करता हैं। स्वतंत्रता दौड़ में शामिल प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

## हर घर तिरंगा अभियान में समूह की महिलाओं की सहभागिता, झण्डा बनाकर दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



-संवाददाता-
बलरामपुर, 14 अगस्त 2025/(घटती-घटना)।
हर घर तिरंगा अभियान से जिले में उत्सव का माहौल है। जिसमें देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति ग्रामीण अंचलों के महिलाओं में भी नई उर्जा का संचार हुआ है। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी समुह की महिलाएं अपने हाथों से तिरंगा झंडा तैयार कर रहे है। विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत आदर्श महिला कलस्टर संगठन अंतर्गत विजयनगर के एकता ग्राम संगठन से संबंध कमल फूल, रोशन, खुशबु महिला स्वं-सहायता समूह के द्वारा अब तक 2 हजार झंडा तैयार कर विक्रय किया गया है। जिसमें अब तक स्व-सहायता समूह के महिलाओं को लगभग 60 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जिले के समस्त जनपद पंचायत क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर तिरंगा विक्रय हेतु तिरंगा मेला का आयोजन किया जा रहा है। जहां आम जन स्वेच्छा से झंडा खरीदकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बन रहे हैं। यह पहल न केवल राष्ट्रीय गौरव और जन-जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी है।

## सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी

-संवाददाता-
बलरामपुर, 14 अगस्त 2025/(घटती-घटना)।
जिले में 79 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्री चिंतामणि महाराज मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे तथा देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति होगी।
तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतदद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम कसलगिरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला प्रसाद आ. रन साय, जाति रजवार, निवासी ग्राम कसलगिरी, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कसलगिरी, प.ह.नं. 07. रा.नि.मं. विश्रामपुर, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 803/2 रकबा 0.10 है. में से रकबा 0.07 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/08/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
किया गया। आज दिनांक 14/08/25. को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील — विशेष कर्तव्याधिकारी, भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20 (3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बजरंग लाल अग्रवाल आ0रामबिलास अग्रवाल व अन्य निवासी मणीपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला मणीपुर, नगर अम्बिकापुर सीट नंबर-10 स्थित प्लाट नम्बर 4120/2, 4240/5, 4251/2 रकबा 0.10, 0.02, 0.01 एकड भूमि एवं उस पर निर्मित मकान को अनावेदक प्रतीक गोयल आ0अशोक गोयल एवं आयुष गोयल आ0 अशोक गोयल के पक्ष में दान करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/08/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।
आज दिनांक--06/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-
/ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पैराणिक शर्मा आ0 स्व0 आर.आर. शर्मा निवासी कृष्णापुर कलुवा जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भगवानपुरकला तहसील अम्बिकापुर स्थित व्यपवर्तित खसरा नंबर 212/14 रकबा 0.0140 हे0 भूमि को अनावेदक विधा जायसवाल आ0 वीरेन्द्र जायसवाल निवासी रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 4,25,000/- में बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 5.09.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।
आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा




# जिले में देशभक्ति,एकता और प्रेम का संदेश बनी स्वतंत्रता दौड़

## अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों ने दिलाई सद्भावना दिवस की शपथ

### बालक-बालिका वर्ग में विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर किया सम्मानित




-संवाददाता-
एमसीबी,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं एसडीएम लिंगराज सिदार,क्रीड़ा अधिकारी विनोद कुमार जायसवाल और जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे के मार्गदर्शन में आज एमसीबी जिले में प्रातः 7:00 बजे स्वतंत्रता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित इस दौड़ में नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, इसहाक खान, स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डॉ. स्वपनिल तिवारी सहित नगर पालिका परिषद् के जनप्रतिनिधि, शिक्षा एवं खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक,स्कूली छात्र-छात्राएं एवं नगर के सभी वर्ग के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों ने भगत सिंह चौक में भारत माता एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता दौड़ की शुरुआत की। यह दौड़ भगत सिंह चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए आमाखेरवा ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आज़ादी कई स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत का परिणाम है और यह दौड़ हमें उनके योगदान की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा है जहां राष्ट्रीय त्योहारों में जाति-पाति का भेदभाव नहीं होता और सभी राष्ट्रीय हित में सदैव तैयार रहते हैं। विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित यह दौड़ आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राष्ट्रीय



आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी और हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता का आग्रह किया। रामचरित द्विवेदी ने कहा कि हमें आज़ादी के महत्व को समझना चाहिए जो अनगिनत वीरों के बलिदान से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ केवल खेल नहीं बल्कि देशभक्ति, एकता और आपसी प्रेम का संदेश देने वाला आयोजन है। एसडीएम लिंगराज सिदार ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि भारत वीरों की भूमि है और हमें जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर सद्भावना की दौड़ लगानी चाहिए। इस अवसर पर स्वतंत्रता दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम लिंगराज सिदार ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राओं और गणमान्य नागरिकों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलाई जिसमें सभी ने जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा की परवाह किए बिना भारत के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना संवैधानिक तरीकों से मतभेद सुलझाने का संकल्प लिए। स्वतंत्रता दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कु. माही, द्वितीय स्थान कु. ललिता और तृतीय स्थान पूनम सिंह (कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़) ने प्राप्त किया, वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान सुनील सिंह, द्वितीय स्थान आलोक सिंह और तृतीय स्थान अमरदीप खलखो (क्रीड़ा परिसर लालपुर) ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, रामचरित द्विवेदी,इसहाक खान और डॉ. स्वप्निल तिवारी को खेल विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी विनोद कुमार जायसवाल,क्रीड़ा अधिकारी (बालक क्रीड़ा परिसर मनेन्द्रगढ़) अब्दुल अलीम,सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी रणधीर ठाकुर, कोच किशोर दास,व्याख्याता शिक्षक शिव कुमार चौधरी,सुमित जायसवाल, केमेन्द्र साहू,अनीता तिर्की,सरमेन्द्र सिंह, यू.बी. मिश्रा,प्राचार्य संजीव कुमार, व्याख्याता टी. विजय गोपाल राव,डॉ. विनीत भारद्वाज,संजय श्रीवास्तव,अशोक साहू,संगीता, निहारिका सिंह और विनोद पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'सद्भावना दौड़ में गूंजा' भारत माता की जय,वन्दे मातरम

### स्वतंत्रता दिवस से पहले बैकुंठपुर ने एकजुट होकर दिया नशा और प्लास्टिक मुक्त कोरिया का संदेश






-संवाददाता-
बैकुंठपुर,14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व, जिला मुख्यालय बैकुंठपुर देशभक्ति के जोश और एकता की भावना से सराबोर हो गया। कुमार चौक से रामानुज स्कूल के मिनी स्टेडियम तक निकली सद्भावना दौड़ में सैकड़ों स्कूली बच्चे, युवा, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नगरवासी तिरंगे झंडे लेकर शामिल हुए। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से शहर की सड़कें गूंज उठीं। दौड़ की अगुवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े,अपर कलेक्टर डी.डी. मंडावी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम ने की। मिनी स्टेडियम में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा आजादी की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। नशा और प्लास्टिक के जंजीरों से आजाद होकर ही हम सच्चे मायनों में स्वतंत्र कहलाएंगे। जाति-धर्म से ऊपर उठकर समग्र विकास के लिए साथ आएं। उन्होंने सभी को नशा त्यागने और प्लास्टिक मुक्त कोरिया बनाने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा यह दिन हमारे सैनिकों के त्याग को याद करने का है। हम सबको राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देना होगा। नशे के खिलाफ जनभागीदारी बढ़ाएं और यातायात नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राजवाड़े ने स्वच्छता को आदत बनाने की शपथ दिलाई।



निश्चित ही यह दौड़ सिर्फ कदमों की नहीं, बल्कि एक संकल्प की थी नशामुक्त, प्लास्टिकमुक्त और स्वच्छ कोरिया का सपना साकार करने का। इस सद्भावना दौड़ में शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और छोटे बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।



# जिले में मिशन शक्ति हब द्वारा संचालित खेल सप्ताह के अंतिम दिन बालिकाओं की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी







-संवाददाता-
एमसीबी 14 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राम टेक जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में खेल सप्ताह के अंतिम दिवस का भव्य आयोजन किया गया। भारत सरकार की लोकप्रिय योजना के तहत मिशन शक्ति हब, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं की प्रतिभा को सामने लाने और हर क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में आउटडोर खेलों में खो-खो, कुर्सी दौड़,बोरा दौड़,100 मीटर दौड़, ब्लाइंडनेस,चॉकलेट दौड़,सस्सी दौड़, फुगड़ी, बैडमिंटन,मेढ़क दौड़ तथा इनडोर खेलों में कैरम, लूडो, सांप-सीढ़ी जैसे मुकाबले हुए, जिनमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया। इस खेल सप्ताह का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास को मजबूत करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना रहा, ताकि वे हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज व देश में अपनी अलग पहचान बना सकें। खेलों को और रोचक बनाने तथा उत्साहवर्धन के लिए विजेता बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा विभाग से रणधीर ठाकुर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से विनोद कुमार जायसवाल, विद्यालय के प्राचार्य उदय मिश्रा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूर्ण सहयोग दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग, मिशन शक्ति हब से सुश्री शैलजा गुप्ता (जेंडर विशेषज्ञ), अनीता कुमारी साह (वित्तीय साक्षरता समन्वयक) तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक श्रीमती प्रियंका राजवाड़े ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। पूरा आयोजन बालिकाओं के उत्साह, जोश और प्रतिभा का अद्भुत संगम बनकर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिले के लिए गर्व का क्षण बना।

CMYK

# भूपेश बघेल और दीपक ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

**भूपेश बघेल बोले...प्रदेश में जनता और नेताओं के लिए अलग-अलग कानून, बैज ने कहा...अपराधियों को संरक्षण दे रहे बीजेपी नेता-मंत्री**

**रायपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** मंत्री के भतीजे की गुंडागर्दी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा,आम जनता के लिए अलग कानून और नेताओं व उनके परिवार के लिए अलग कानून चल रहा। मंत्री टंकराम वर्मा कानून को मानते हैं तो अपने भतीजे को लेकर उन्हें प्रस्तुत होना चाहिए। वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा,सैंया भए कोतवाल तो डर कहे का चाचा मंत्री हैं,सरकार और सरकार में बैठे नेता मंत्री ही अपराधियों को संरक्षण दे रहे।





वोट चोरी का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा,वोट चोरी छत्तीसगढ़ में भी हुई है। एक-एक विधानसभा में ढूंढेंगे तो हजारों मामले मिलेंगे। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर वोट चोरी का खेल किया गया है। बीजेपी खुद वोट चोरी होना स्वीकार रही है। कल राहुल गांधी ने मारे हुए कई वोटर्स के साथ चाय पिया है। निर्वाचन आयोग ने जिंदा आदमी को मार दिया इससे बड़ी बात क्या हो सकती है।

महतारी वंदन योजना का फार्म फिर भरा जाएगा। इस मामले में भूपेश बघेल ने कहा, चुनाव के पहले बीजेपी ने कहा था कि रेडी टू ईट का काम महिला समूहों को देंगे। आज तक महिला समूहों को काम मिल नहीं पाया है। पहले कैबिनेट में 18 लाख आवास देने की बात कही थी,कितने लोगों को आवास मिल पाया बता दें। महतारी वंदन का फार्म चुनाव के समय तो सबको भराए,अब चुनाव निपट गए तो नाम काट रहे हैं। धीरे-धीरे नाम कटते जा रहे हैं,ताकि लोगों को पता ना चले. जोर का झटका धीरे से लगे, ऐसी उनकी कोशिश है।

### 52 साल तक आर एसएस मुख्यालय में तिरंगा नहीं फहराया आज तिरंगा यात्रा निकाल रहे...

बीजेपी विभाजन की विभीषिका दिवस मना रही. इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा,सावरकर और जिन्ना ने दो राष्ट्र का सिद्धांत दिया। विभाजन के लिए कोई जिम्मेदार हैं तो बीजेपी के पूर्वज हैं. बीजेपी आम लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

नई पीढ़ी के सामने देशभक्ति दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। 52 साल तक आरएसएस मुख्यालय में तिरंगा नहीं फहराया गया। बघेल ने कहा,अमित शाह बताएं कि आजादी में उनका योगदान क्या था। वो ये बताएं कि पीएम और होम मिनिस्टर मणिपुर कब जाएंगे. मणिपुर जल रहा है वहां कब जाएंगे ये बताएं.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कई मामले में भाजपा को घेरा है। उन्होंने कहा, यदि देशभर के डीजीपी आ रहे हैं यानी देश में वर्तमान हालात ठीक नहीं है,जिस पर सरकार चिंतन कर रहे। छत्तीसगर्ब तो अपराध का गढ़ बन गया है। राहुल गांधी की कार्यशैली ने इन्हें चिंतन करने पर मजबूर किया है।

### भाजपा में चल रही अंदरूनी गुटबाजी : बैज

उन्होंने कहा,निगम,मंडल के पोस्ट को बीजेपी नेता वापस कर रहे. ये बस लॉलीपॉप थमा रहे. जब से सूची जारी हुई है भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी चल रही है. नेता हताश निराश चल रहे हैं। भाजपा निगम, मंडल में एडजस्ट करने का अब लॉलीपॉप दिखा रही है।

### छत्तीसगढ़ में चल रहा जंगल राज'

बैज ने कहा,सैंया भए कोतवाल तो डर कहे का. चाचा मंत्री हैं, सरकार और सरकार में बैठे नेता मंत्री ही अपराधियों को संरक्षण दे रहे। अपराधियों में खौफ खत्म जो चुका है. मंत्री का भतीजा ही ऐसे मारपीट कर रहा है,इसे ही जंगल राज कहते हैं। दीपक बैज ने कहा, एक घटना खत्म नहीं हुई दूसरी घटना घट जाती है। सुशासन में जंगल राज चल रहा है। कानून व्यवस्था का दुर्भाग्य है। मंत्री का भतीजा है इसलिए बचाया जा रहा है। आम गरीब के लिए अलग कानून,बीजेपी नेताओं के लिए अलग कानून है। निष्पक्षता बरतनी है तो गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाइए, लेकिन सरकार अपने चहेतों को बचाने में लगी है।

## महत्वपूर्ण खबर

### एम्स में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 6 सितंबर को रोबोटिक सर्जरी सुविधा की शुरुआत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इसके लिए एम्स के कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने मुख्यमंत्री से उनके निवास कार्यालय में भेंट करने के बाद एम्स में इस सुविधा को शुरू करने के लिए बतौर मुख्य अतिथि उन्हें आमंत्रित किया।


### राजू अगासीमनी बने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव

**रायपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी



श्री राजू अगासीमनी (बैच 2006) को पर्यावरण संरक्षण मंडल का अस्थायी सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। अगासीमनी वर्तमान में मुख्य वन संरक्षक, कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, रायपुर में पदस्थ हैं।

### गलत जानकारी देने के मामले में परिवहन सचिव को अवमानना नोटिस



**बिलासपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** सालों से बंद बिलासपुर की सिटी बस सेवा, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जुलाई के महीने में फिर से शुरू हुई थी, लेकिन 20 दिन में ही बसें फिर रुक गईं। इस पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने नाराज़गी जताई है।अब ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को कोर्ट में खुद हाज़िर होने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने पूछा है कि गलत जानकारी देने पर आपके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए।

### खैरागढ़ जिले को मिला अपना पहला थीम सॉंग हमर सुग्घर जिला




**खैरागढ़,14 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और संगीत नगरी खैरागढ़ ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिले का पहला आधिकारिक थीम सॉंग हमर सुग्घर जिला हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लोकार्पित किया गया। इस खास मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# परेड के फाइनल रिहर्सल के दौरान एसपी के वाहन में लगा था उल्टा तिरंगा

**स्वतंत्रता दिवस समारोह में इसी वाहन में निरीक्षण करने वाले थे मंत्री**

**कोरबा,14 अगस्त 2025(ए)।** स्वतंत्रता दिवस के फाइनल रिहर्सल के दौरान कलेक्टर-एसपी जिस वाहन में निरीक्षण कर रहे थे,उसमें लगे तिरंगे के उल्टा होने के चलते प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी और कलेक्टर अजीत वसंत 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की तैयारी का जायजा लेने कोरबा जिले के मुख्य स्टेडियम में पहुंचे थे, जहां एसपी की गाड़ी में सामने तिरंगा उल्टा लगा हुआ था। लोगों ने इसे देश के राष्ट्रीय झंडे का अपमान बताया।

### समारोह में मुख्य अतिथि हैं मंत्री लखन देवांगन

हर वर्ष राष्ट्रीय पर्व के दौरान बड़े ही सम्मान से तिरंगा फहराया जाता है। ऊर्जा नगरी कोरबा के




इंदिरा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में वाणिज्य,उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन बतौर मुख्य अतिथि झंडा फहराएंगे। इसी समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान कलेक्टर-एसपी जिस वाहन में निरीक्षण कर रहे थे,उसमें तिरंगा उल्टा लटका हुआ था। यह वाहन एसपी का बताया जा रहा है और इसी वाहन में मंत्री लखन देवांगन भी परेड का निरीक्षण करेंगे। गंभीर बात यह है कि अगर इस तिरंगे की ओर लोगों का ध्यान नहीं गया होता तो स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री देवांगन भी इसी तरह वाहन में स्टेडियम में भ्रमण करते नजर आते। तब स्थिति क्या होती, लोग यह सवाल उठा रहे हैं।

### जांच के दिए गए आदेश

बता दें कि कोरबा जिले में आयोजित मुख्य समारोह में परेड की तैयारी पुलिस विभाग के रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में चल रही है। इस दौरान चलते वाहन में तिरंगा उल्टा लगा दिया गया, यह चूक किसकी लापरवाही के चलते हुई, इसकी जांच के आदेश एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने दिए हैं। उन्होंने मीडिया से कहा है कि जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किया पदकों का ऐलान

**छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित, मिलेगा राष्ट्रपति पदक**



**रायपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पदकों का ऐलान किया है। इस साल छत्तीगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों के नाम का ऐलान किया हैं। 14 गैलेंट्री मेडल, 1 प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 10 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस के लिए सम्मानित होंगे।

छत्तीसगढ़ के 14 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आईपीएस अधिकारी सुनील शर्मा (पुलिस अधीक्षक) संदीप कुमार मडिले (उप निरीक्षक) और आरक्षक मदकम पांडु, मदकम हदमा, मदकम देव, बरसे हुंगा, रोशन गुप्ता सहित अन्य शामिल हैं।

**तीन पुलिसकर्मियों:**-स्वर्गीय रामुराम नाग (सहायक उप निरीक्षक), स्वर्गीय कुंजाम जोगा (आरक्षक) और स्वर्गीय वंजाम भीमा (आरक्षक) को कर्तव्य-पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित होंगे ।

**प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विसः**- छत्तीसगढ़ के छ्त्र जेल हिमांशु गुप्ता को उनके नेतृत्व, पेशेवर ईमानदारी और राज्य में पुलिसिंग व जनसुरक्षा में निरंतर योगदान के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होंगे।

**मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस :**- 10 पुलिसकर्मियों को एमएसएम के लिए चुना गया है। इनमें पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, कमांडेंट श्वेता राजमणि, पुलिस अधीक्षक रवी कुमार कुर्रे, निरीक्षक (एमआईएन) कौशल्या भट्ट, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रोहित कुमार झा, निरीक्षक (एमआईएन) कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमांडर दल सिंह नामदेव, कंपनी कमांडर दिलीप कुमार साहू और सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार बरुआ शामिल हैं।

# जवानों ने माओवादियों के स्मारक को किया ध्वस्त

**भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद**

**बीजापुर ,14 अगस्त 2025(ए)।** जिले में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पामेड़ और तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों के एक स्मारक को ध्वस्त करने के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई कोबरा 208, सीआरपीएफ 228 और जिला सुकमा से कोबरा 203 की संयुक्त टीमों द्वारा गुंडराजगुड़ेम,बड़सेनपल्ली,मंगलतोर और उड़तामल्ला के जंगलों में चलाए गए माओवादी विरोधी अभियान के तहत की गई। अभियान के दौरान उड़तामल्ला के जंगल में माओवादियों द्वारा निर्मित एक स्मारक को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया।इसके अतिरिक्त, तर्रेम क्षेत्र के कोमटपल्ली



के जंगल-पहाड़ी इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा चट्टानों के बीच छिपाए गए हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया। बरामद सामग्री में भरमार बंदूक,बीजीएल राउंड और रॉड, बीजीएल पार्ट्स, विस्फोटक निर्माण सामग्री (पीईके, यूरिया, इलेक्ट्रिक वायर),एम्युनेशन पाउच, विभिन्न आकार के प्रेशर कुकर (10 लीटर, 5 लीटर, 3 लीटर),आरी ब्लेड और स्पीकर शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने बताया कि बीजापुर के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार गश्त और सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

### गले में रस्सी फंसाकर कलेक्टर के पास पहुंची महिला

**कवर्धा,14 अगस्त 2025(ए)।** कलेक्टर कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बुजुर्ग महिला रस्सी लेकर आत्महत्या करने की नीयत से कलेक्ट्रेट पहुंच गई। महिला का आरोप है कि वह 40 वर्षों से अपनी जमीन के हक



के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक उसकी सुनवाई नहीं हुई। यह मामला मंगलवार का है। जानकारी के अनुसार, महिला सीधे कलेक्टर कक्ष के सामने पहुंची और रोते-बिलखते अपनी समस्या बताने लगी। उन्होंने कहा कि थक-हारकर अब उसके पास जान देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल महिला को समझाकर शांत कराया और रस्सी अपने कब्जे में लिया। घटना के बाद प्रशासन ने महिला की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर सरकारी तंत्र की लापरवाही और लंबित मामलों के समाधान में हो रही देरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में एक शिक्षक पर एफआईआर तो दूसरा गिरफ्तार



**महासमुंद/राजनांदगांव,14 अगस्त 2025(ए)।** प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में छात्राओं के शोषण की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। इन मामलों में पॉक्सो के तहत कठोर कार्रवाई के बावजूद कतिपय शिक्षक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के सरायपाली ब्लॉक के हायर सेकेंडरी स्कूल लिमगांव के व्याख्याता संदीप साहू के ऊपर छात्राओं से स्कूल में अशोभनीय हरकत करने का आरोप लगा है। उधर राजनांदगांव में छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़छाड़ करने वाले प्रधान पाठक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# तखतपुर में विजय जुलूस के दौरान छात्रों में मारपीट



**पसंद का गाना बजाने को लेकर आपस में विवाद**

**तखतपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में छात्र संघ के पदाधिकारियों के विजय जुलूस के दौरान डीजे पर पसंद का गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। इस झगड़े में एक छात्र का सिर फट गया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर इलाज कराया गया।

# जन्म से दृष्टिहीन 6 साल की बच्ची अब देखेगी किसी और की आँखों से दुनिया

**रायपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित नेत्र रोग विभाग सह क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के कुशल एवं दक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा हाल ही में कॉर्निया प्रत्यारोपण (केराटोप्लास्टी) की एक के बाद एक चार जटिल शल्य क्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न की गई हैं। चारों मरीजों में कॉर्निया प्रत्यारोपण डॉ. निधि पांडे के मार्गदर्शन में डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. स्मृति गुप्ता (कार्निया विशेषज्ञ) तथा डॉ. अंजू भास्कर द्वारा किए गए। सभी मरीजों में शल्य



चिकित्सा के पश्चात संतोषजनक सुधार देखा जा रहा है। यह उपलब्धि नेत्र रोग विभाग की विशेषज्ञता, उच्च गुणवत्ता वाली शल्य चिकित्सा सुविधा तथा टीम वर्क का प्रमाण है। कार्निया विशेषज्ञ डॉ. स्मृति गुप्ता के अनुसार हाल ही में किए गए कॉर्निया प्रत्यारोपण ने सबसे छोटी मासूम मरीज की अंधेरी दुनिया में रोशनी भर दी है। जन्म से ही कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दोनों नेत्रों से पूर्णतः दृष्टिहीन बालिका की दृष्टि में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अम्बेडकर अस्पताल की इस बड़ी कामयाबी पर कहा है कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि नेत्रदान सिर्फ एक अंगदान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि वो उन लोगों को तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने नेत्रदान जैसा महान कार्य करने का निर्णय लिया और अब उन लोगों की आंखों से जरूरतमंद लोग इस खूबसूरत दुनिया को देख पाएंगे।

# राजस्व मंत्री के भतीजे पर पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर के साथ मारपीट,गिरफ्तार

**रायपुर,14 अगस्त 2025 (ए)।** रायपुर में छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के भतीजे पर पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। यह घटना 9 अगस्त, 2025 की रात को नंदलाल फ्यूल पेट्रोल पंप, ढाबाडीह में हुई।

पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर विनोद दुबे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात करीब 11 बजे आशीष बघेल अपने कुछ साथियों के साथ आया और उन्हें बात करने के बहाने एक ट्रक के पास ले गया। वहाँ पर आरोपियों ने विनोद दुबे के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें यह कहते हुए पीटा कि वह पेट्रोल भरवाते समय खुद को बहुत होशियार समझते हैं। मारपीट के कारण विनोद दुबे के हाथ, पीठ और पैरों में चोटें आईं।

विनोद दुबे की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली थाने में आरोपियों के



खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने मारपीट की बात कबूल कर ली है।

# स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,

**सैकड़ों स्कूली बच्चे तिरंगा थामे उत्साह से दौड़ते नजर आए**

**रायपुर,14 अगस्त 2025 (ए)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सैकड़ों स्कूली बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तेलीबांधा तालाब से भारत माता चौक तक आयोजित इस दौड़ में लोग तिरंगा थामे दौड़ते नजर आए। कार्यक्रम में विभागीय मंत्री टंक राम वर्मा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने



स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह दौड़ न केवल आजादी का उत्सव है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी देती है। साथ ही, विभाजन विभीषिका दिवस पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को भारत-पाकिस्तान विभाजन के दर्द और बलिदान से अवगत कराएगा, ताकि वे इतिहास के इस दुखद अध्याय को समझ सकें।

# स्मार्ट सिटी ने ठेका कंपनियों पर की बड़ी कार्रवाई




**अरपा प्रोजेक्ट में लापरवाही बरतने पर लगाया करोड़ों का जुर्माना, ठेका भी किया निरस्त**

**बिलासपुर,14 अगस्त 2025(ए)।** बिलासपुर शहर में चल रहे विकास कार्यों में देरी और लापरवाही को लेकर नगर निगम और बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने सख्त कार्रवाई की है। ठेका कंपनियों और ठेकेदारों की ओर से प्रोजेक्ट में गड़बड़ी और कार्य में सुस्ती पाए जाने पर निगम ने ब्लैक लिस्टिंग, भारी-भरकम पेनाल्टी और ठेके रद्द करने जैसे कदम उठाए हैं। इस कार्रवाई में कई कंपनियों और ठेकेदारों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाया गया है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
हमारा E-paper
# घटती घटना
स्वतंत्रता दिवस विशेषांक
www.ghatatighatana.com
अम्बिकापुर, 15 अगस्त 2025, पेज-4






















































स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण (क्रेडा) के समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत-बतौली
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उप संभाग-सीतापुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उप संभाग-उदयपुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल
बलरामपुर
के समस्त कर्मचारी
बलरामपुर-रामानुजगंज,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-बलरामपुर
के कर्मचारीगण
बलरामपुर-रामानुजगंज,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-शंकरगढ़
के समस्त कर्मचारीगण
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सीतापुर
के समस्त स्टाफ
,सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत मैनपाट
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत
लुण्ड्रा
एवं समस्त कर्मचारी
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-रामानुजगंज
जिला-बलरारामपुर-रा.गं.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
के समस्त कर्मचारी,अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन मण्डलाधिकारी
सरगुजा वन मण्डल
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग
उप संभाग-3
लुण्ड्रा-बतौली, सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग
उप संभाग-2
सीतापुर-मैनपाट, सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत लखनपुर
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत उदयपुर
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
एवं
समस्त कर्मचारीगण

वन परिक्षेत्र-राजपुर
जिला-बलरारामपुर-रा.गं.

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-कुसमी
जिला-बलरामपुर-रा.गं.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन
उप सभाग-1 अम्बिकापुर के
समस्त स्टाफ,सरगुजा(छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी
विभाग के समस्स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आयुर्वेद अधिकारी
के समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
पंचायत एवं समाज कल्याण
विभाग अम्बिकापुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जिला खनिज अधिकारी
एवं समस्त कर्मचारीगण
जिला खनिज कार्यालय
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
अम्बिकापुर,सरगुजा
देश में नगर निगम को नंबर 1 बनाने में सहयोग दें।
अपने-अपने घरों के करों का भुगतान जल्द करें।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
छ.ग. मेडिकल सर्विसेस
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उप संभाग क्र-1 अम्बिकापुर
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर
पर जिले वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
तहसीलदार
तहसील कार्यालय
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के 78 वीं
वर्षगांठ पर जिले वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला कार्यक्रम अधिकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग
के समस्त कर्मचारी,अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अतिरिक्त क्षेत्रिय
परिवहन अधिकारी
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर
पर जिले वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र सीतापुर
के समस्त कर्मचारी
,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-उदयपुर
के समस्त कर्मचारीगण
जिला-सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला प्रबंधक
नागरिक आपूर्ति निगम
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
एवं समस्त स्टाफ
कृषि विभाग-अम्बिकापुर
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
उद्यानिकी विभाग
के समस्त स्टाफ,अम्बिकापुर
सरगुजा,छ.ग.


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
लक्ष्मी राजवाड़े
महिला बाल विकास मंत्री
छ0ग0 शासन


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
राम विचार नेताम
कृषि मंत्री, छ.ग. शासन


78 वें स्वतंत्रता दिवस पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HINDALCO
ADITYA BIRLA GROUP
हिन्डाल्को
इन्डस्ट्री लिमिटेड
सामरी बाक्साईड माईन्स


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विधायक-सामरी
पूर्व सामरी विधायक


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देशवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
स्व.गजेन्द्र नारायण सिंह
श्रीमती मुखरानी देवी
जी.एन.सेवा समिति अम्बिकापुर


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
राम कुमार टोप्पो
विधायक
सीतापुर, सरगुजा, छ.ग.


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
अमरजीत भगत
पूर्व खाद्य मंत्री, शासन


78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विश्व विजय सिंह तोमर
प्रदेश अध्यक्ष
राज्य युवा आयोग छ0ग0 शासन


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनील अग्रवाल
अध्यक्ष - राईस मिल संघ
अम्बिकापुर, सरगुजा, छ.ग.



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विकास तिवारी
मुकेश दुबे
अम्बे ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
बनारस रोड, चठीरमा, अम्बिकापुर


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
बाबर ईदरिसी
कोषाध्यक्ष
कांग्रेस अल्प सख्यक प्रकोष्ठ सरगुजा


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रकाश चन्द्र राय
ए-क्लास ठेकेदार
अम्बिकापुर, सरगुजा


हार्दिक शुभकामनाएं...
बिरेन्द्र सिंह
ए-क्लास ठेकेदार
अम्बिकापुर, सरगुजा


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. आई. ए. खान सुरी
प्राचार्य
ओरियेंटल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर


78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
शोएब अख्तर
संचालक
स्टार बस सेवा व स्टार इंडस्ट्री
चिरमिरी जिला-एमसीबी, छ.ग.


78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
भारत सिंह सिसोदिया
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी सरगुजा


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.अजय तिर्की
पूर्व महापौर
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
RAMKRISHNA
CARE
HOSPITALS
हेल्थ केयर का भविष्य यहीं पर है!
मध्यभारत में सबसे अग्रणी,
सबसे सफल...
500+
अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरीज़
रोबोटिक सर्जरी के फायदे
Da Vinci 4th Gen
ULTRA-ADVANCED ROBOTIC SURGERY
डॉ. संदीप दवे
Senior laparoscopic & Robotic Surgeon
डॉ. जवाद नकवी
MS (Lap. Surgeon)
डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर
MS (Lap. Surgeon)
डॉ. विक्रम शर्मा
MS (Lap. Surgeon)
श्रेष्ठता, विश्वसनीयता और भरोसे का प्रतीक
रामकृष्ण केयर अस्पताल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर
अपॉइंटमेंट : 0771 6165656


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
अतुल सिंह
ए कांट्रेक्टर
अम्बिकापुर,सरगुजा (छ.ग.)


78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रवण पाण्डेय
पटवारी
अम्बिकापुर, सरगुजा


Lakshmi Narayan
Hospital
HEALING MATTERS
स्वतंत्रता दिवस पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल
पता- गुदरी चौक,संगम गली अम्बिकापुर
सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आपका विश्वसनीय केंद्र
अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा
आंतरिक चिकित्सा
एंडोक्राइनोलॉजी एवं मेटाबोलिज्म
अस्थि एवं जोड़ रोग
स्त्री एवं प्रसूति रोग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
प्रयांक खरे
डायरेक्टर
प्रतीक खरे
एमडी मेडीसिन
मो.-83059-60517,82510-71106


गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
उपलब्ध सुविधायें
मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | दंत रोग विभाग | सर्जरी विभाग
शिशु रोग | स्त्री रोग | हड्डी रोग | नेत्र रोग | कान, नाक गला रोग | मनोचिकित्सक रोग
दूरबीन पद्धति द्वारा सर्जरी की सुविधा
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ईलाज एवं सर्जरी की सुविधा
• विभिन्न हेल्थ इंशोरेन्स कंपनी से मान्यता प्राप्त
• CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
अपाइंटमेंट हेतु संपर्क करें - 9424250281, 8120906000, 8120809000
पता-बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर


79 वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
आइए हम अपने वीर शहीदों को नमन करें
और एक मज़बूत भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग-सीतापुर
सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-धौरपुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-मैनपाट
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-लखनपुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग-2
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उप पंजीयक
उप पंजीयक कार्यालय
के समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
परियोजना अधिकारी
बाल विकास परियोजना
अधिकारी शहर
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर
के समस्त कर्मचारीगण
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डायरेक्टर (संचालक)
मेडिकल कॉलेज
जिला अस्पताल के समस्त
स्टाफ अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य चिकित्सा
एवं
स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
एवं रेशम विभाग अम्बिकापुर
के समस्त स्टाफ
सरगुजा,छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर
पर जिले वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राज्य मार्ग
के समस्त कर्मचारी
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ
अवसर पर प्रदेश वासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग
के समस्त कर्मचारी,अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस के शुभ
अवसर पर जिले वासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत अम्बिकापुर
के समस्त स्टाफ सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ
अवसर पर जिले वासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक आयुक्त
आदिम जाति कल्याण विभाग
अम्बिकापुर के समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र-उदयपुर
के समस्त कर्मचारीगण
जिला-सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-उदयपुर के
समस्त स्टाफ,सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक अभियंता
एवं समस्त स्टाफ
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग-1
अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
राजस्व पटवारी
संघ अम्बिकापुर
सरगुजा, छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
भू-अधिक्षक
समस्त राजस्व निरीक्षक
एवं कर्मचारीगण
भू-अधिक्षक कार्यालय अम्बिकापुर
सरगुजा, छ.ग.

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
त्रिलोक माइनिंग
रिसोर्सेज प्राईवे लिमिटेड
हिंडाल्को परिवहन कांट्रेक्टर
सामरीपाठ-कुसमी

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
सतीश पैकरा
बीएमओ
एवं समस्त स्टाफ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज साहू
मण्डल महामंत्री
भाजपा

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
परियोजना अधिकारी
कार्यालय महिला एवं
बाल विकास परियोजना सोनहत

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
आशा देवी सोनपाकर
जनपद अध्यक्ष
जनपद पंचायत सोनहत

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
पार्क परिक्षेत्राधिकारी
के समस्त कर्मचारीगण
पार्क परिक्षेत्र- रामगढ़

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
पार्क परिक्षेत्राधिकारी
के समस्त कर्मचारीगण
पार्क परिक्षेत्र- रेहण्ड

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
पार्क परिक्षेत्राधिकारी
के समस्त कर्मचारीगण
पार्क परिक्षेत्र- सोनहत

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
राजाराम राजवाड़े
मण्डल अध्यक्ष
भाजपा-सोनहत

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
राम प्रताप मरावी
विधायक प्रतिनिधि
छत्तीसगढ़

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
एवं समस्त कर्मचारीगण
वन परिक्षेत्र- देवगढ़

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
एवं समस्त कर्मचारीगण
वन परिक्षेत्र- सोनहत, कोरिया

78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

रेवा यादव
विधायक प्रतिनिधि
जिला-कोरिया, छ.ग.

78 वें स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
विद्यासागर साहू
आदिम जाति सेवा सहकारी
समिति-रजौली